Series &RQPS

SET-4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **40** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

1. *प्रश्न-पत्र के 4 खण्ड हैं– क, ख, ग और घ ।*

   *1.1* ***खण्ड क*** – **20** अंकों के **20** बहुवैकल्पिक प्रश्न हैं ।

   *1.2* ***खण्ड ख*** – प्रत्येक **2** अंकों वाले **8** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं ।

   *1.3* ***खण्ड ग*** – प्रत्येक **3** अंकों वाले **8** प्रश्न हैं ।

   *1.4* ***खण्ड घ*** – प्रत्येक **5** अंकों वाले **4** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं ।

2. प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं हैं ।

**खण्ड – क**

1. राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों को __________ के द्वारा शासित किया जाता है । **1**
   (A) नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955
   (B) यू.डी.एच.आर. (वैश्विक मानवाधिकार घोषणा)
   (C) भारत के संविधान का अनुच्छेद 338
   (D) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993

2. एक अमरीकी नागरिक जेरी के पास राजनीति शास्त्र की 4 वर्षीय पूर्वस्नातक (अंडरग्रेजुएट) डिग्री है और वह संयुक्त राज्य अमरीका में कानून के विद्यालयों में आवेदन करने की सोच रहा है । इसके लिये __________ पूर्वापेक्षा है । **1**
   (A) सी.एल.ई. (निरंतर विधिक सेवा)
   (B) एम.पी.टी. (बहुराज्य निष्पादन परीक्षा)
   (C) एल.एस.ए.टी. (विधि विद्यालय प्रवेश परीक्षा)
   (D) एम.ई.ई. (बहुराज्य परीक्षण परीक्षा)

3. भारत में न्यायाधीशों को सेवा से हटाने की प्रक्रिया के लिये आरोही क्रम (ascending order) में सही अनुक्रम की पहचान करें : **1**
   (i) जाँच समिति का गठन
   (ii) राष्ट्रपति का आदेश
   (iii) न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव के लिये नोटिस
   (iv) जाँच रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण
   (A) (iii), (iv), (i), (ii)
   (B) (iii), (i), (iv), (ii)
   (C) (iv), (iii), (i), (ii)
   (D) (iii), (ii), (i), (iv)

***General Instructions :***

1. The Question Paper contains **4** sections – **A, B, C** and **D**.

   *1.1 **Section-A** contains **20** Multiple Choice Questions for **20** marks.*

   *1.2 **Section-B** contains 8 Short Answer Type Questions for **2** marks each.*

   *1.3 **Section-C** contains 8 questions for **3** marks each.*

   *1.4 **Section-D** contains 4 Long Answer Type Questions for **5** marks each.*

2. Internal choice is given in the paper. There is no overall choice.

**SECTION – A**

1. The National and State Human Rights Commissions are governed by ________. **1**

   (A) Protection of Civil Rights Act, 1955

   (B) Universal Declaration of Human Rights (UDHR)

   (C) Article 338 of the Constitution of India

   (D) Protection of Human Rights Act, 1993

2. Jerry, a US national, has a 4 year undergraduate degree in Political Science and is considering applying to law schools in U.S.A. The pre-requisite for this is ________. **1**

   (A) CLE (B) MPT

   (C) LSAT (D) MEE

3. For the process of removal of judges in India –

   Identify the correct sequence in the ascending order : **1**

   (i) Constitution of an inquiry committee

   (ii) Order by the President

   (iii) Notice for motion for removal of a judge

   (iv) Submission of the inquiry report

   (A) (iii), (iv), (i), (ii) (B) (iii), (i), (iv), (ii)

   (C) (iv), (iii), (i), (ii) (D) (iii), (ii), (i), (iv)

4. **अभिकथन (A) :** पी.आई.एल. नागरिक स्थिति और प्रतिनिधि स्थिति के सिद्धांतों पर आधारित हैं। 1

**कारण (R) :** पी.आई.एल. ने प्रबोधक (मॉनिटर) और हित प्रहरी (वाच डॉग) एजेंसी के रूप में न्यायपालिका की भूमिका को सुदृढ़ किया है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

5. कॉलम – ख में "वकीलों द्वारा विज्ञापन के प्रावधान" के साथ कॉलम–क में संबंधित "देश" का मिलान करें : 1

| | **कॉलम – क** | | **कॉलम – ख** |
|---|---|---|---|
| a. | भारत | i. | व्यावसायिक आचरण आदर्श (मॉडल) नियमावली |
| b. | मलेशिया | ii. | वकीलों को प्रिंट मीडिया में विज्ञापित करने की अनुमति है। |
| c. | हांगकांग | iii. | वकीलों को इंटरनेट पर केवल पाँच सूचनाएँ देने की स्वीकृति है। |
| d. | संयुक्त राज्य अमेरिका | iv. | विधि व्यवसाय (प्रचार नियमावली) 2001 वकीलों द्वारा विज्ञापन का नियमन करता है। |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

6. लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 का उद्देश्य __________ है। 1

(A) कठोर उपायों के द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों को रोकना

(B) समाज की भलाई के लिये भ्रष्टाचार का उन्मूलन करना

(C) सरकारी क्षेत्र में जवाबदेही की संस्कृति का संपोषण करना

(D) सरकारी कर्मचारियों द्वारा रिश्वत और भ्रष्टाचार के कार्यों के विरुद्ध लड़ना

4. **Assertion (A) :** PILs are based on the tenets of citizen standing and representative standing. **1**

**Reason (R) :** PILs have strengthened the role of judiciary as a monitor and watch dog agency.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

5. Match the 'Country' in Column – A with 'Provision of Advertising by the lawyers' in Column – B : **1**

| | **Column – A** | | **Column – B** |
|---|---|---|---|
| a. | India | i. | Model Rules of Professional conduct |
| b. | Malaysia | ii. | Lawyers are permitted to advertise in print media |
| c. | Hong Kong | iii. | Lawyers are allowed to put only a five piece information on internet. |
| d. | U.S.A. | iv. | Legal Profession (Publicity Rules) 2001 regulates advertising by lawyers |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

6. The aim of the Lokpal and Lokayukta Act, 2013 is _________. **1**

(A) to prevent instances of corruption through stringent measures.

(B) to eradicate corruption for betterment of society.

(C) to foster a culture of accountability within the public sector.

(D) to combat acts of bribery and corruption of public servants.

7. निम्नलिखित दृष्टान्तों में से कौन "आपराधिक कानून का एक उद्देश्य निवारण (रोकथाम)" है, इस संकल्पना का सर्वोत्तम उदाहरण है ? 1

(A) एक पार्टी में शराब पीने के बाद सुरेश एक टैक्सी किराये पर लेकर सुरक्षित घर पहुँचने का काम करता है ।

(B) दुकानों से आदतन चोरी करने वाली मान्या को एक स्टोर मालिक से दुबारा ऐसी चोरियाँ करने से रोकने के लिये एक चेतावनी मिलती है ।

(C) अलेक्स को शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, उसे भारी जुर्माना लगाया गया, लाइसेंस रद्द किया गया और अनिवार्य शिक्षा कार्यक्रम में जाने को कहा गया ।

(D) सजा मिलने के परिणामों की जानकारी होने के कारण सना परीक्षा में नकल नहीं करती है ।

8. एक प्रतिभावान फोटोग्राफर, एम्मा को यह पता लगता है कि उसके मूल फोटोग्राफ को बिना उसकी अनुमति के प्रतिकृति बनाकर एक आर्ट गैलरी में बेचा जा रहा है । एम्मा के कार्य के अनधिकृत उपयोग से आर्ट गैलरी मुनाफा कमा रही है जिससे उसे आर्थिक नुकसान हो रहा है और उसकी कलात्मक कृति का सही मूल्य कम होता जा रहा है । आर्ट गैलरी द्वारा एम्मा के निम्नलिखित में से किस बौद्धिक संपदा अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है ? 1

(A) पेटेंट (एकस्व अधिकार)
(B) ट्रेडमार्क (व्यापार चिह्न)
(C) कॉपीराइट
(D) ट्रेड सीक्रेट (व्यवसाय की गोपनीय तकनीक)

9. अधीर, भानू का ऋणी है और भानू, चितरंजन का ऋणी है । तीनों के मध्य पारस्परिक समझौते के द्वारा भानू को चितरंजन को भुगतान करने के दायित्व से मुक्त कर दिया गया एवं चितरंजन ने अधीर को ही अपना ऋणी स्वीकार कर लिया । इस समझौते को करार के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है ।

निम्न में से कौन सा विकल्प विभिन्न पक्षों के मध्य वर्तमान करार पर इस नयी व्यवस्था के प्रभाव की सही रूप में व्याख्या करता है ? 1

(A) चूँकि करार की सभी शर्तें रद्द हो गईं इसलिए विखण्डन द्वारा वर्तमान करार को उन्मोचित कर दिया गया ।

(B) चूँकि नया करार पुराने को प्रतिस्थापित करेगा इसलिए नवीयन द्वारा वर्तमान करार को उन्मोचित कर दिया गया ।

(C) वर्तमान करार निष्पादन द्वारा स्वतः ही उन्मोचित हो गया ।

(D) चूँकि विभिन्न पक्षों ने करार की शर्तों को समाहित कर लिया इसलिए वर्तमान करार को विधि के प्रवर्तन द्वारा उन्मोचित कर दिया गया ।

7. Which of the following scenarios best exemplifies the concept 'deterrence is an objective of criminal law' ? 1

(A) After consuming alcohol at a party, Suresh chooses to hire a taxi and arrive home safely.

(B) Manya, a habitual shoplifter, receives a warning from a store owner to stop her from stealing again.

(C) Alex caught driving under the influence of alcohol, faces a hefty fine, license suspension and mandatory education programme.

(D) Sana refrains from cheating in an exam-being aware of the punitive consequences.

8. Emma, a talented photographer, discovers that her original photograph has been reproduced without her permission and is being sold at an art gallery. The gallery has been profitting from the unauthorized use of Emma's work, causing her financial loss and diminishing the value of her artistic creation. Which of the following intellectual property right of Emma is being violated by the art gallery ? 1

(A) Patent (B) Trademark

(C) Copyright (D) Trade Secret

9. Adheer is indebted to Bhanu and Bhanu is indebted to Chitranjan. By mutual agreement among the three, Bhanu is absolved of the liability to pay Chitranjan and Chitranjan accepts Adheer as his debtor. This understanding is converted into a contract. Which of the following options correctly describes the effect of this new arrangement on the already existing contract between the parties ? 1

(A) The existing contract is discharged by rescission as all terms of the contract are cancelled.

(B) The existing contract is discharged by novation as the new contract will substitute the old one.

(C) The existing contract is automatically discharged by performance.

(D) The existing contract is discharged by operation of law as the parties have merged terms of contract.

10. **अभिकथन (A)** : सेवा संबंधी विवादों के फैसले सुनाने में न्यायालयों की भूमिका की मदद में न्यायाधिकरणों (ट्रिब्युनल्स) का योगदान रहा है । 1

**कारण (R)** : किसी भी उच्च न्यायालय की डिवीज़न बेंच द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपीलें केंद्रीय प्रशासनिक ट्रायब्यूनल के समक्ष रखी जाती हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

11. निम्नलिखित में से कौन सा कथन अपकृत्य विधि की विशेषताओं का सही रूप से उल्लेख करता है ? 1

1. अपकृत्य एक सिविल विधि का विषय है ।
2. अपकृत्य (टॉर्ट) विधि के अंतर्गत क्षतिपूर्तियाँ हमेशा अपरिनिर्धारित होती हैं ।
3. अपकृत्य विधि एक ऐसा उपकरण (साधन) है जो लोगों को उचित आचरण के मानकों का पालन कराता है ।
4. अपकृत्य एक साशय (इरादतन) आपराधिक कार्य है ।
5. अपकृत्य (टॉर्ट) एक सिविल दोष है ।

(A) 1, 3, 4 (B) 2, 3, 5

(C) 2, 4, 5 (D) 1, 3, 5

12. एकल स्वामित्व, व्यापार स्थापित करने का सबसे आसान तरीका क्यों है ? 1

(A) क्योंकि विधि की नज़र में व्यापार और मालिक का भिन्न-भिन्न अस्तित्व नहीं है ।

(B) क्योंकि सरकारी नियमावली का अभाव है ।

(C) क्योंकि एकल स्वामी सभी लाभों को भोगता है और सभी हानियों का वहन करता है ।

(D) क्योंकि एकल स्वामी का दायित्व असीमित है ।

13. संविदा के एक मुख्य तत्त्व के रूप में 'प्रतिफल' के लिए निम्न में से कौन सा कथन सही है ? 1

(A) प्रतिफल के बिना कोई भी संविदा शून्यकरणीय होती है ।

(B) प्रतिफल वास्तविक और परिपूर्ण होना आवश्यक है ।

(C) प्रतिफल एक ऐक्ट या प्रविरति (सहनशीलता) के स्वरूप में हो सकता है ।

(D) प्रतिफल के लिए एक ही बात पर एक राय (कन्सेन्सस एड आइडेम) पूर्व अपेक्षित (शर्त) है ।

10. **Assertion (A) :** Tribunals have contributed in supplementing the role of courts in adjudicating service disputes. **1**

**Reason (R) :** Appeals against the orders of the Division Bench of any High Court lie before the Central Administrative Tribunal.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

11. Which of the following statements correctly describe features of Tort law ? **1**

1. Tort is a civil law subject.
2. Damages under tort law are always unliquidated.
3. Tort is an instrument for making people adhere to standards of reasonable behaviour.
4. Tort is an intentional criminal activity.
5. Tort is a civil wrong.

(A) 1, 3, 4 (B) 2, 3, 5

(C) 2, 4, 5 (D) 1, 3, 5

12. Why is sole proprietorship the easiest type of business to establish ? **1**

(A) Because there is no separate entity of the owner and business in eyes of law.

(B) Because there is lack of government regulations.

(C) Because the sole proprietor enjoys all profits and bears all losses.

(D) Because the liability of the sole proprietor is unlimited.

13. Which of the following statements is <u>true</u> for 'Consideration' as an important element in contract ? **1**

(A) A contract without consideration is voidable.

(B) Consideration must be adequate and real.

(C) Consideration can be in the nature of an act or forbearance.

(D) Consensus ad idem is the pre-requisite for consideration.

14. **अभिकथन (A) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 द्वारा सैन्य और शैक्षणिक उपाधियों को छोड़कर बाकी सभी उपाधियों को समाप्त कर दिया गया है । **1**

**कारण (R) :** उपाधियाँ, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 की मूल भावना का उल्लंघन करती हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

15. बौद्धिक संपदा के अंतर्गत संरक्षण के लिये साक्षी के आविष्कार को निम्नलिखित में से किस शर्त को पूरा करने की जरूरत है ? **1**

(A) आविष्कार को "कार्य" की श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए ।

(B) आविष्कार की आकार, रंग, लाइन, पैटर्न आदि के मामले में एक विशेष योजना होती है ।

(C) किसी भी आविष्कार को अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन और वाणिज्यिक-व्यवहार्यता का होना चाहिए ।

(D) आविष्कार को अपने भौगोलिक मूल को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए ।

16. एक ही आवासीय परिसर में रहने वाले पड़ोसी जगदीश और सुशीला में अपने भवनों के बीच की दीवार के बारे में मतभेद चल रहा है । वे इस विवाद को खुले विचारों (संवाद) और आपसी सहमति वाले तरीके से हल करना चाहेंगे । उनकी इस परिस्थिति में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सबसे अच्छा है ? **1**

(A) मुकदमा (B) बातचीत

(C) लोक अदालत (D) मध्यस्थता

17. **अभिकथन (A) :** मूलभूत कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय हैं और इनके उल्लंघन के लिये व्यक्ति को दंड दिया जा सकता है । **1**

**कारण (R) :** मूलभूत कर्त्तव्यों में नागरिकों द्वारा अनुपालन किये जाने वाले मानक निहित हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

14. **Assertion (A) :** Article 18 of Indian Constitution abolished all titles except for military and academic titles. **1**

**Reason (R) :** Titles violate the essence of Article 14 of the Indian Constitution.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

15. Which of the following conditions needs to be fulfilled by Sakshi's invention to be eligible for protection under intellectual property ? **1**

(A) Invention should fall within the category of 'work'.

(B) Invention has a special scheme of shape, colour, line, pattern etc.

(C) Invention must be a notable change in the field and has commercial viability.

(D) Invention must be indicative of its geographic origin.

16. Jagdish and Susheela, neighbours in the same residential complex, are experiencing a disagreement regarding the boundary wall between their houses. They would like to resolve this dispute through a method that encourages open communication and mutual agreement. Which of the following options is best suited to their situation ? **1**

(A) Litigation (B) Negotiation

(C) Lok Adalat (D) Mediation

17. **Assertion (A) :** Fundamental duties are enforceable in the court of law and one can be punished for its violation. **1**

**Reason (R) :** Fundamental duties contain standards to be followed by the citizens.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

18. भारत में विधि व्यवसाय के लिये लाइसेंस प्राप्त करने हेतु किसी अधिवक्ता द्वारा पूरी की जाने वाली निम्नलिखित में से कौन सी अपेक्षा अनिवार्य नहीं है ? 1

(A) न्यूनतम 21 वर्ष की आयु

(B) भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की डिग्री

(C) भारतीय विधिज्ञ परिषद में नामांकन

(D) अखिल भारतीय विधिज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।

19. ए बी सी और एक्स वाई जेड इन दो कंपनियों के बीच, की गई सेवाओं के लिये भुगतान न किये जाने के बारे में संविदात्मक विवाद चल रहा है । न्यायालय जाने के बजाय वे इस विवाद को सुलझाने के लिये तदर्थ विवाचन कराने का निर्णय लेते हैं । निम्नलिखित में से कौन तदर्थ विवाचन की प्रमुख विशेषता है ? 1

(A) इस प्रक्रिया को एक विवाचन संस्था द्वारा संचालित किया जाता है ।

(B) यह प्रक्रिया एक मान्यता प्राप्त विवाचन संगठन द्वारा स्थापित पूर्व निर्धारित नियमावली को अपनाती है ।

(C) पार्टियों (पक्षों) को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और पसंद के अनुसार विवाचन प्रक्रिया को अनुकूल बनाने की छूट होती है ।

(D) सांविधिक प्रावधानों के अंतर्गत नियुक्त एकल विवाचक द्वारा यह प्रक्रिया चलाई जाती है ।

20. जय एक स्टोर से एक कीमती वस्तु चुराने का आरोपी है । विचारण (ट्रायल) के दौरान अभियोजन पक्ष तर्क देता है कि उसने अभिकथित चोरी के बारे में एक विशिष्ट मानसिक स्थिति के रहते कार्य किया । निम्नलिखित में से कौन सी विधिक धारणा जय की मानसिक स्थिति से संबंधित है और उसकी आपराधिकता के निर्धारण में भूमिका निभाती है ? 1

(A) आपराधिक कार्य

(B) आपराधिक मनःस्थिति

(C) हेतु (उद्देश्य)

(D) विधि की अज्ञानता

## खण्ड – ख

21. अनन्या, विरोध-समाधान विशेषज्ञ है जिसे दो पुराने कर्मचारियों के बीच कार्यस्थल संबंधी विवाद को सुलझाने के लिये बुलाया गया है । दोनों कर्मचारी महत्वपूर्ण हैं, परंतु उनके विवाद (झगड़े) से उनकी उत्पादकता और टीम की कार्य प्रगति पर असर पड़ रहा है । परिवर्तनकारी माध्यस्थता (ट्रांसफॉर्मेटिव मेडिएशन) की उन विशेषताओं की जाँच कीजिए जिनका उपयोग इस परिस्थिति में अनन्या द्वारा किया जा सकता है । 2

18. Which among the given requirement is not essential to be fulfilled by an Advocate for obtaining licence to practise law in India ? **1**

(A) Minimum 21 years of age.

(B) An LLB degree from a college/university recognised by the Bar Council of India.

(C) Enrolment with the Bar Council of India.

(D) Must clear the All India Bar Examination.

19. Two companies ABC and XYZ, have a contractual dispute regarding non-payment of services rendered. Instead of going to court, they decide to pursue ad hoc arbitration to resolve their dispute. Which of the following is a key feature of ad hoc arbitration ? **1**

(A) The process is conducted by an arbitral institution.

(B) The process follows a pre-determined set of rules established by a recognized arbitration organization.

(C) The parties have the flexibility to tailor the arbitration process to their specific needs and preferences.

(D) The process is conducted by a sole arbitrator appointed under the statutory provisions.

20. Jai is accused of stealing a valuable item from a store. During the trial, the prosecution argues that he acted with a particular mental state regarding the alleged theft. Which of the following legal concepts relates to the mental state of Jai and plays a role in determining his culpability ? **1**

(A) actus reus (B) mens rea

(C) motive (D) ignorance of law

## SECTION – B

21. Ananya is a conflict-resolution specialist, who is called into facilitate a workplace dispute between two long-standing employees. Both are valuable team members, but their conflict is affecting their productivity and team dynamics. Examine the features of transformative mediation that Ananya can employ in this situation. **2**

22. सल्ली एक अत्यधिक प्रतियोगी विधि बाज़ार (क्षेत्र) में काम करने वाली अधिवक्ता है । हाल ही में उसने दुर्घटनाओं या व्यक्तिगत शारीरिक क्षति की घटनाओं में शामिल रहे मुवक्किलों को अत्यधिक रूप से लुभाने की प्रसिद्धि प्राप्त की है । अधिवक्ताओं की इस श्रेणी और वे किस देश में हैं, इसका पता लगाइये । भारत में इस श्रेणी के अधिवक्ताओं की हैसियत क्या होगी ? **2**

23. (a) न्यायिक नियुक्तियों के कोलेजियन मॉडल के अधीन भारतीय उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति किस तरह की जाती है ? **2**

**अथवा**

(b) भारतीय न्यायिक प्रणाली में उच्च–न्यायालयों की भूमिका को स्पष्ट कीजिये । **2**

24. एक माइनॉरिटी एजुकेशन सोसाइटी स्कूलों की एक शृंखला की मालिक है । यह स्कूल राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त और पूर्णतया वित्तपोषित हैं ।

एकता और अखंडता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए, इन स्कूलों के सभी छात्रों को अपनी भिन्न धार्मिक मान्यताओं के बावजूद हर सुबह विशेष धार्मिक प्रार्थना में शामिल होना आवश्यक है ।

छात्रों के एक समूह ने प्रार्थना में भाग लेने से इन्कार कर दिया । स्कूल प्रशासन ने अनुशासनहीनता के लिए चेतावनी देने के पश्चात्, छात्रों को एक सप्ताह के लिए निलम्बित कर दिया । इन छात्रों के अभिभावकों ने इसे बच्चों के मौलिक अधिकारों के हनन का मामला माना ।

क्या स्कूल प्रशासन का कृत्य न्यायानुमत है ? प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधानों को बताते हुए अपने उत्तर का कारण दीजिए । **2**

25. अर्जुन ने भीम को मारने की धमकी दी, कि यदि वह अपने ₹ 1 करोड़ की कीमत का मकान उसे ₹ 50 लाख में नहीं बेचता । डर के कारण भीम ने अपना मकान अर्जुन को बेचने के करार (संविदा) पर हस्ताक्षर कर दिये । **2**

(a) उपर्युक्त परिस्थिति में गायब की गयी वैध संविदा के मर्म (मुख्य शर्तों) का पता कीजिए ।

(b) दिये गये मामले में भीम के लिये क्या कोई उपचार उपलब्ध है ?

22. Sally is a lawyer who operates in a highly competitive legal market. She has recently gained a reputation for aggressively soliciting clients who have been involved in accidents or 'personal injury' incidents. Identify this category of lawyers and the country where they exist. What will be the status of this category of lawyers in India ? **2**

23. (a) How are judges of the Supreme Court of India appointed under the collegium model for judicial appointments ? **2**

**OR**

(b) Explain the role of High Courts in the Indian Judicial System. **2**

24. A minority Education Society owns a chain of schools. These schools are recognised by the State and wholly funded by it.

To promote the spirit of unity and oneness, all the students in these schools have to attend a special religious prayer every morning irrespective of their religious beliefs.

A group of students refused to participate in the prayer. The school authorities, after giving warning for being indisciplined, suspended the students for a week. Parents of these students alleged violation of fundamental rights of their children.

Is the action of school authorities justified ? Stating the relevant Constitutional provision, give reason for your answer. **2**

25. Arjun threatened to kill Bhim if he does not sell his house worth ₹ 1 crore to Arjun for ₹ 50 lakhs. Bhim, out of fear, signs the contract for selling his house to Arjun. **2**

(a) Identify the essential of valid contract missing in the above situation.

(b) What remedy, if any, is available to Bhim in the given case ?

26. टेक जीनियस, एक सफल स्टार्ट-अप ने एक अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर तैयार किया है जिसे बाज़ार में अत्यधिक लोकप्रियता मिली है । उनके इस अनूठे ब्राण्ड की पहचान और उत्पाद के संरक्षण के लिये वे इस पर विचार कर रहे हैं कि इसका ट्रेडमार्क (व्यापार चिह्न) पंजीकृत कराया जाय या इसे एक ट्रेड सीक्रेट (व्यवसाय की गोपनीयता) रखा जाय । टेक जीनियस के लिये ट्रेडमार्क (व्यापार चिह्न) और ट्रेड सीक्रेट (व्यवसाय की गोपनीयता) के बीच मूलभूत अंतर को स्पष्ट कीजिए जिससे उनको निर्णय लेने में मदद मिलेगी । **2**

27. संपूर्ण देश में आपातकाल के दौरान सरकार कतिपय संवैधानिक अधिकारों को निलंबित करते हुए कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिये कठोर उपायों को कार्यान्वित करती है । इन उपायों के रूप में व्यक्तियों के एक विशिष्ट वर्ग को अवैधानिक क्रियाकलापों में संदिग्ध रूप से शामिल होने के कारण प्राधिकारियों ने पूछ-ताछ के लिये निरुद्ध किया । इस वर्ग ने इस आधार पर सहयोग करने से मना कर दिया कि वह संविधान के अनुच्छेद 22 के अधीन संरक्षण के हकदार हैं जिससे प्राधिकारियों द्वारा वंचित किया गया । इस संदर्भ में यह स्पष्ट करें कि अनुच्छेद 22 का संरक्षण यहाँ क्यों लागू नहीं हो सकता । **2**

28. दो दोस्त, नेहा और निशा, को बेकिंग का बहुत शौक है और वह साथ-साथ एक छोटी बेकरी शुरू करने की सोच रही हैं । उनके पास सीमित फण्ड (धनराशि) है परंतु अत्यधिक उत्साह है । अपनी स्थिति को देखते हुए बेकरी शुरू करने के लिये क्यों न उन्हें साझेदारी का व्यवहार्य विकल्प ढूँढ़ना चाहिए ? **2**

## खण्ड – ग

29. सौरभ ने अपनी दूकान और गोदाम को आग से संरक्षित रखने के लिये एक व्यापक (कम्प्रीहैन्सिव) अग्नि बीमा कराया था । ए.आई.जी. बीमा कंपनी ने उसकी दूकान और गोदाम का बीमा किया था । बीमा की शर्त में यह कहा गया था कि दावा (माँग) की गई धनराशि का भुगतान केवल तभी किया जाएगा जब बीमा की गई संपत्तियाँ बीमा कवर (रक्षण) की अवधि के अंदर आग से नष्ट हुई हों ।
सौरभ और ए.आई.जी. बीमा कंपनी के बीच की गई संविदा किस प्रकार की है ? कृपया बताइए । इस प्रकार की संविदा की किन्हीं दो विशेषताओं को उल्लेख कीजिए । **3**

30. (a) उन परिस्थितियों का उल्लेख करें जिनके अंतर्गत विधिक सहायता से इनकार किया जा सकता है या उसे वापस लिया जा सकता है । **3**

**अथवा**

(b) "सामाजिक न्याय के लिये न्याय की पहुँच का अधिकार अनिवार्य है ।" वर्तमान विधिक प्रणाली में सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के संदर्भ में उक्त कथन का मूल्यांकन करें । **3**

26. A successful start-up, Tech Genius has developed a cutting-edge software that has gained immense popularity in the market. To protect their unique brand identity and product, they are considering whether to register a trademark or maintain it as a trade secret. Explain the fundamental difference between trademark and trade secret to Tech Genius, that would help them in decision making. **2**

27. During a nationwide emergency, the government implements strict measures to maintain law and order, suspending certain constitutional rights. As part of these measures, a particular group of individuals is detained by the authorities for questioning, due to suspected involvement in unlawful activities. The group refused to cooperate on the grounds that they were entitled to safeguards under Article 22 of the Constitution which the authorities denied. In this context, explain why Article 22 safeguards may not apply. **2**

28. Two friends, Neha and Nisha, are passionate about baking and dream of starting a small bakery together. They have limited funds but plenty of enthusiasm. Considering their situation why might they find partnership a viable option to start a bakery ? **2**

## SECTION – C

29. Saurabh took a comprehensive fire insurance for protecting his shop and godown against fire. AIG Insurance Company insured his shop and godown. The term of insurance stated that the claim amount will paid only when the insured properties are destroyed by fire within the period of insurance cover. **3**

    Identify the type of contract entered between Saurabh and AIG Insurance Company. State any two characteristics of this type of contract.

30. (a) State the circumstances in which legal aid can be denied or withdrawn. **3**

**OR**

    (b) "A right to access to justice is sine-qua-non for social justice." Evaluate the statement in context of social justice and human rights in present legal system. **3**

31. "नगरपालिका विधि की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय विधि एक कमजोर विधि है ।" उत्तर की पुष्टि के लिये तीन कारण बताते हुए इस कथन का औचित्य बताइए । **3**

32. जब एक सरकारी कर्मचारी की पहचान मानवाधिकारों के उल्लंघनकर्ता के रूप में की जाती है तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा कौन सी सिफारिशें की जा सकती हैं ? इसका उल्लेख कीजिए । **3**

33. एक वरिष्ठ अधिवक्ता और अभिलेख अधिवक्ता के बीच अंतर बताइये । **3**

34. (a) किसी दांडिक विचारण (क्रिमिनल ट्रायल) में मामले की जाँच पड़ताल, साक्ष्य एकत्र करने और गवाहों (साक्षियों) से पूछताछ करने में न्यायाधीश की सक्रिय भूमिका होती है, जबकि इस प्रक्रिया में अभियुक्त का अधिकार सीमित होता है । प्रणाली की पहचान करें और इस प्रणाली के मुख्य लाभ बताएँ ? **3**

**अथवा**

(b) दो कंपनियों के बीच संविदा भंग के कारण एक वाणिज्यिक विवाद उत्पन्न हो गया है । इस झगड़े को हल करने के साधन के रूप में उन्हें विवाचन का सहारा लेना है । विवाचन प्रक्रिया की रूपरेखा बताइए । **3**

35. "मूलभूत अधिकारों के सजग प्रहरी" के रूप में भारत के उच्चतम न्यायालय की भूमिका स्पष्ट कीजिए । **3**

36. ज्योति अपनी आवासीय संपत्ति (मकान) जगत को बेच रही है । इस प्रक्रिया को संक्षेप में बतायें कि संपत्ति का स्वामित्व किस प्रकार हस्तान्तरित किया जाएगा । **3**

## खण्ड – घ

37. (a) (i) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के उद्देश्य का विश्लेषण करें । **5**

(ii) उन तीन प्रावधानों को बताइए जिनसे भारतीय संविधान संधारणीयता और पर्यावरणिक प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है ।

**अथवा**

(b) आपराधिक विधि के संदर्भ में "तैयारी" शब्द को स्पष्ट करें । किन परिस्थितियों में तैयारी भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत दण्डनीय है ? **5**

31. "International law is a weak law as compared to municipal law." Justify the statement giving any three reasons to substantiate the answer. **3**

32. State the recommendations that can be made by the National Human Rights Commission, when a public servant is identified as the perpetrator of a human rights violation. **3**

33. Differentiate between senior advocates and advocates-on-record. **3**

34. (a) In a criminal trial, the judge takes an active role in investigating the case, gathering evidence and questioning witnesses, while the accused has a limited say in the proceedings. Identify the system and state the main advantages of this system. **3**

**OR**

(b) A commercial dispute has arisen between two companies over a breach of contract. They have to pursue arbitration as a means of resolving the conflict. Outline the process of arbitration. **3**

35. Explain the role of Supreme Court of India as a 'sentinel qui vie'. **3**

36. Jyoti is selling her residential property to Jagat. Describe in brief, the process of how the ownership of the property will be transferred. **3**

## SECTION – D

37. (a) (i) Analyse the purpose of the Environment Protection Act, 1986. **5**

(ii) State three provisions of the Indian Constitution that demonstrates a commitment to sustainability and environmental stewardship.

**OR**

(b) In the context of criminal law, explain the term 'preparation'. Under what circumstances is preparation punishable under the IPC ? **5**

38. (a) पर्यावरण की स्थिति बिगड़ना वैश्विक चिंता का विषय है । ओज़ोन परत का समाप्त होना और जल निकायों (स्रोतों) का सिकुड़ना खतरे का संकेत है । एशिया के दस विकासशील देशों ने, ई.सी. 10 के रूप में एक साथ आने और पारस्परिक रूप से सहमत मानदण्ड और पद्धतियाँ निर्धारित करने का निर्णय लिया जिनका अनुपालन इन सभी के द्वारा किया जाएगा जिससे इस पर्यावरणिक अवक्रमण को रोका जा सके । अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दस प्रतिनिधियों ने इसके दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किये । नारनिया नामक एक छोटा द्वीप इन हस्ताक्षरकर्ताओं में एक है । चूँकि यह अपने विकास के चरण में है अतः बड़ी मात्रा में औद्योगिक और विषाक्त कूड़ा–कचरा उत्पन्न हो रहा है और इसके चारों ओर के जल निकायों में जमा हो रहा है । इसके पड़ोसी देश "जाउट" ने ई सी 10 में अपनी समस्या बताई और निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करने की कार्रवाई के लिये नार्निया को फटकार लगाई । **5**

(i) ई.सी. 10 द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज़ का क्या नाम है ? ई.सी. 10 द्वारा हस्ताक्षरित यह दस्तावेज़ कब उन पर बाध्यकारी होगा ?

(ii) नार्निया के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का किस प्रकार विनियमन किया जा सकेगा क्योंकि वह हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक है ?

**अथवा**

(b) (i) अंतर्राष्ट्रीय कानून क्या होता है ? अंतर्राष्ट्रीय कानून की दो श्रेणियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) श्रीलंका के एक नागरिक फर्डिनेन्डो ने एक भारतीय श्रीतेमा से विवाह किया । विवाह के बाद फर्डिनेन्डो और श्रीतेमा श्रीलंका गये । इस विवाह से उनका एक पुत्र पैदा हुआ । इन दोनों के बीच एक वैवाहिक विवाद उत्पन्न हो गया और श्रीतेमा भारत वापस आ गई । वे अलग होना चाहते हैं और श्रीतेमा अपने पुत्र को अपने पास रखना चाहती है । **5**

इस स्थिति में लागू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानून की श्रेणी का पता कीजिए । अपने उत्तर का कारण बताइए ।

38. (a) Environment degradation is a global concern. Depleting ozone layer and shrinking water bodies raised an alarm. Ten developing countries of Asia decided to come together as EC10 and lay down mutually agreeable norms and practises that would be followed by each of them to curb this degradation. All the ten delegates, representing their countries, signed the document. Narnia, a small island country, is one of the signatory. Since it is in its development phase, a lot of industrial and toxic waste is generated and dumped in the water bodies surrounding it. Its neighbouring country 'Zout' raised its concern in EC10, and reprimanded Narnia for its action violative of the norms laid. **5**

(i) What is the document, signed by EC10 called ? When will this document become binding on the signatories, EC10 ?

(ii) How will the international relations of Narnia be regulated since it is one of the signatories ?

**OR**

(b) (i) What is International Law ? Differentiate between the two categories of International Law.

(ii) Ferdinando, a Sri Lankan citizen married Sritama, an Indian. After marriage, Ferdinando and Sritama went to Sri Lanka. They had a son from this wedlock. A matrimonial dispute ensued between the two and Sritama came back to India. They want to part ways and Sritama wants custody of her son. **5**

Identify the category of International law that would be applied to the given situation. Give reason for your answer.

39. राष्ट्रीय विधिक सेवाएँ प्राधिकरण एन.ए.एल.एस.ए. (NALSA) नियमावली, 2010 का उद्देश्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के प्रावधानों के अंतर्गत निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवायें प्रदान करना है । **5**

(a) लोगों की कोई चार श्रेणियाँ बतायें जो उक्त अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत विधिक सहायता के हकदार हैं ।

(b) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण विनियमन, 2010 की तीन मुख्य विशेषतायें स्पष्ट कीजिए ।

40. (a) केश सज्जाकार (हेयर ड्रेसर) हीना ने सेलेना के बालों को रंगने के लिये हेयर कलर का उपयोग किया जिसके कारण सेलेना की त्वचा में सूजन आ गई । हेयर कलर बनाने वाली ब्यूटी ब्लॉसम कंपनी ने हीना को उचित रूप से लेबल लगी बोतलों में अपना उत्पाद दिया था और साथ में जानकारी देने वाली एक छोटी पुस्तिका भी दी थी । बोतल के लेबल और पुस्तिका में यह चेतावनी भी दी गई थी कि कुछ प्रकार की त्वचाओं में इसकी प्रतिक्रिया हो सकती है, अतः इसके उपयोग से पहले त्वचा के किसी छोटे हिस्से पर इसका परीक्षण करने की सलाह दी गई थी । **5**

सेलेना निर्माता कंपनी ब्यूटी ब्लॉसम पर लापरवाही के लिये मुकदमा करती है । क्या हेयर कलर निर्माता को सेलेना के प्रति जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा ? संबंधित निर्णीत मामलों की सहायता से इस पर चर्चा करें और सेलेना के प्रति हीना के उत्तरदायित्व की भी चर्चा करें ।

**अथवा**

(b) सिंढल आयरन एण्ड स्टील कंपनी, जो लोहे की ढलाई करने वाला एक यूनिट है, ने किसी युद्ध पीड़ित देश से रद्दी धातु का आयात किया । एक दिन जब इस कबाड़ को यूनिट के परिसर में ट्रकों से उतारा जा रहा था तो विस्फोट हो गया जिससे एक कर्मचारी और पास के घर में रहने वाले दो बच्चों की मृत्यु हो गई । बाद में यह पाया गया कि कबाड़ में कुछ बमों का भी कबाड़ था जिन्हें पूरी तरह निष्क्रिय नहीं किया गया था ।

सिंढल आयरन एण्ड स्टील कंपनी के विरुद्ध दायर रिपोर्ट की कार्रवाई में उन्होंने यह तर्क दिया कि उनके द्वारा सभी सुरक्षा उपायों का पूर्ण ध्यान रखा गया था और उनके द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई थी ।

निर्णीत मामले के आधार पर कर्मचारी और बच्चों के नुकसान के लिये सिंढल आयरन एण्ड स्टील कंपनी के दायित्व की, यदि कोई हो, चर्चा कीजिए । साथ ही उन मौलिक सिद्धांतों को भी उल्लेखित कीजिए जिन्हें सिंढल आयरन एण्ड स्टील कंपनी को उत्तरदायी ठहराने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए । **5**

---

39. NALSA Regulations, 2010 aim to provide free and competent legal services under the provisions of Legal Services Authorities Act, 1987. **5**

(a) Enumerate any four categories of person who are entitled for legal aid under Section 12 of the Act.

(b) Explain the three broad features of NALSA Regulations 2010.

40. (a) Heena, a hair dresser treated Selena's hair with hair colour and as a result Selena contracted dermatitis. The manufacturers of the hair colour Beauty Blossom Company had delivered the product to Heena in properly labelled bottles together with a small brochure of instructions. Both the label and the brochure contained a warning that the hair colour might be reactive on certain skin types and a patch test on skin was recommended before it was used. **5**

Selena sues the manufacturer Beauty Blossom Company for negligence. Would the manufacturers of the hair colour be held liable to Selena ? Discuss with the help of decided case. Also discuss the liability of Heena towards Selena.

**OR**

(b) Sindhal Iron and Steel Company, an iron foundry unit, imported metal scrap from certain war ravaged country. One day while the scrap was being unloaded from the trucks in the premises of the unit, an explosion occurred resulting in the death of an employee and two children living in the adjoining house. Later on it was found that the scrap consisted of some bomb shell scraps which were not completely defused.

On an action filed against Sindhal Iron and Steel Company, it pleaded that all safety measures were taken care of by them and there was no negligence on their part.

Discuss the liability, if any, of Sindhal Iron and Steel Company for the damages towards employee and children with the help of decided case. Also mention the basic principles that would have to be established to hold Sindhal Iron and Steel Company liable. **5**